2009 का जीवन विज्ञान पुरस्कार कर्णाटक जीवन विज्ञान अकादमी को

सरदारशहर 22 अक्टूबर 2010

जीवन विज्ञान पुरस्कार 2009 का कर्नाटक जीवन विज्ञान अकादमी बैंगलोर को दिए जाने की घोषणा जैन विश्व भारती के अध्यक्ष सुरेन्द्र चौरड़िया ने की। यह प्रस्कार नाहटा चेरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से जीवन विज्ञान अकादमी जैन विश्व भारती लाडनूं द्वारा दिया जाता है, इस बार यह कर्णाटक जीवन विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष मूलचन्द नाहर को एवं कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा।

कांठा क्षेत्र में पधारने की अर्ज

कर्णाटक जीवन विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष मूलचन्द नाहर ने आचार्यश्री महाश्रमण के दर्शनार्थ सरदारशहर पहुंचे। जैन विश्व भारती लाडनूं में बन रहे जीवन विज्ञान भवन की जानकारी आचार्यश्री महाश्रमण को दी। जीवन विज्ञान भवन का निर्माण फरवरी 2011 तक पूरा होगा जिसका निर्माण कर्नाटक जीवन विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष मूलचन्द नाहर द्वारा करवाया जा रहा है, इस अवसर पर जीवन विज्ञान प्रभारी प्रेक्षा प्राध्यापक मुनि किशनलाल, भवन के आर्किटेक्ट सुरेश माण्डोत व उम्मेद सुराणा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मूलचन्द नाहर ने आचार्यश्री महाश्रमण पाली जिले के कांठा क्षेत्र में भी पधारने की अर्ज की।

- शीतल बरड़िया (मीडिया संयोजक)